Department of **Education**

GOVERNMENT OF WESTERN AUSTRALIA

VacSwim अक्तूबर कार्यक्रम

तथ्य पत्रक

VacSwim अक्तूबर में और स्कूल की गर्मियों की छुट्टियों में मजेदार तैराकी कक्षाएँ उपलब्ध कराता है। इसका उद्देश्य वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बच्चों को सुरक्षा और आत्मविश्वास के साथ पानी में रहने की कुशलताएँ देना है।

इसमें कौन नामांकित हो सकता है?

5 से 17 वर्ष की आयु के बच्चे, जो तैराकी के स्तर 1 से 16 में आते हैं।

स्तरों के बारे में विशिष्ट जानकारी के लिए हमारी वेबसाइटदेखें।

नामांकन कब शुरू और बंद होंगे?

नामांकन बुधवार 17 जुलाई 2024 को शुरू होंगे।

नामांकन बुधवार 14 अगस्त 2024 को बंद होंगे।

नामांकन कैसे करें?

नामांकन करने का सबसे आसान तरीका हमारी वेबसाइट पर ऑनलाइन रूप से इसे करना है।

आप एक नामांकन फॉर्म भी डाउनलोड कर सकते/ती हैं। एक बार पूरा भर लेने पर इसका प्रिंट आउट निकालें और नामांकन की अंतिम तिथि तक हमें डाक से भेज दें। विवरण नीचे हैं:

VacSwim
शिक्षा विभाग
राज्य-व्यापी सेवाएँ केन्द्र
33 Giles Avenue
Padbury WA 6025

अक्तूबर के कार्यक्रमों का क्या शुल्क है?

कार्यक्रम	सिंगल	सिंगल छूट	फैमिली*	फैमिली छूट*
अक्तूबर कार्यक्रम	$32.00	$20.50	$85.50	$57.00
अक्तूबर शॉर्ट कार्यक्रम	$16.50	$11.50	$43.50	$29.00

*फैमिली नामांकन में एक ही पते से 3 या इससे अधिक बच्चे शामिल हैं।

इन शुल्कों में बच्चों के लिए या निगरानी करने वाले वयस्कों के लिए पूल में एंट्री शामिल नहीं है।

छूट के लिए कौन पात्र है?

कोई भी व्यक्ति, जिसके पास निम्नलिखित कार्ड हैं:

- कम्पेनियन कार्ड
- कॉमनवेल्थ सीनियर्स हेल्थ कार्ड
- डिपार्टमेंट ऑफ वेटरन एफेयर्स (गोल्ड, व्हाइट, ऑरेंज)
- हेल्थ केयर कार्ड
- आउट ऑफ स्टेट सीनियर्स कार्ड
- पेंशनर कन्सेशन कार्ड
- स्टेट कन्सेशन कार्ड
- WA सीनियर्स कार्ड

कक्षाएँ कब हैं?

अक्तूबर कार्यक्रम 8 दिनों के लिए बुधवार 8 सितंबर से शुक्रवार 25 अक्तूबर 2024 तक चलता है।

अक्तूबर शॉर्ट कार्यक्रम 5 दिनों के लिए सोमवार 30 सितंबर से शुक्रवार 4 अक्तूबर 2024 तक चलता है।

कक्षाओं के समय क्या हैं?

अक्तूबर कार्यक्रम अधिकांश स्थलों पर सुबह के समय चलेगा।

अक्तूबर शॉर्ट कार्यक्रम दोपहर में चलता है, सामान्य रूप से दोपहर 12:25बजे से दोपहर 3:25बजे तक।

कक्षाओं के समय स्थल के अनुसार अलग-अलग होते हैं। और अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ।

कक्षाएँ कितनी अवधि की होंगी?

अक्तूबर कार्यक्रम में कक्षाएँ 45 मिनट की हैं।

अक्तूबर शॉर्ट कार्यक्रम में कक्षाएँ 35 मिनट की हैं।

मैं VacSwim के बारे में और अधिक जानकारी कैसे पता कर सकता/सकती हूँ?

आप हमारी वेबसाइट education.wa.edu.au/vacswim पर जा सकते/सकती हैं, हमें vacswim@education.wa.edu.au पर ईमेल भेज सकते/सकती हैं, या (08) 9402 6412 पर कॉल कर सकते/सकती हैं।

CC BY